# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बैजरौ (गढ़वाल)

*Office of The Executive Engineer, Construction Division P.W.D. Baijro (Garhwal)*

E-mail : eepwdbaijrorediffmail.com, eepwdbaijro@gmail.com


पत्रांकः– /　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः–

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग,
पौड़ी।

विषयः– जनपद पौड़ी गढ़वाल विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत डांडा ग्वीन (ग्राम सभा ग्वीन) तक मोटर मार्ग नवनिर्माण हेतु आपेक्षित 0.990 है० वन भूमि का लो०नि०वि० को प्रत्यवर्तन।

सन्दर्भ– प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/40897/2019 EDS दिनांक 04.07.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु आपेक्षित वन्भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव सन्दर्भित दि० 04.07.2019 के द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार से है –

| S.NO | EDS dated 04-07-2019 FP/UK/ROAD/ 40639/2019 | आपत्तियों का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | आपके द्वारा प्रश्नगत प्रकरण पर राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण का हिस्सा न होने व हवाई दूरी का प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न व पार्ट 1 फार्म A में आनलाईन अपलोड नही किया गया है। अतः प्रस्तावित स्थल जिस समीपस्थ राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण के समीपस्थ है, कि ग्राम तथा प्रस्तावित स्थल की हवाई दूरी का भी उल्लेख करते हुये स्पष्ट प्रमाण–पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, | राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा न होने व हवाई दूरी का प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न व पार्ट 1 फार्म A में आनलाईन अपलोड कर दिया गया है। प्रस्तावित स्थल किसी भी राष्ट्रीय/वन्य जीव अभ्यरण का हिस्सा नही है। निकटतम जिम कार्बेट नेशनल पार्क की सीमा से प्रस्तावित परियोजना निर्माण स्थल की हवाई दूरी 25.000 कि०मी० है। (प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित है) |
| 2 | As per KML file ends dense forest area and no habitation exist near the area. User agency may submit justification of the requirement the road and show the beneficiary village along with the existing road network in KML file. | ग्राम डांडाग्वीन घने वन क्षेत्र की सीमा के समीप होने के कारण मोटर मार्ग की समाप्ति वन सीमा के निकट है, जिसकी जनसंख्या 85 है। इस मोटर मार्ग के निर्मित होने से लक्षित ग्राम डांडा ग्वीन का चहुमुखी विकास होना सम्भव होगा जैसे चिकित्सा, विद्यालय, एवं बाजार तक लोगो की पहुच होगी जिससे इस ग्राम के निवासियों की चिकित्सा, शिक्षा एवं व्यापार में उन्नति होगी और निकटतम सुविख्यात पौराणिक स्थल गुजड़ू गढी तक पर्यटको की आने जाने की सुविधा होगी जिससे पर्यटन विकास की पूर्ण सम्भावना है। ग्रामवासी अपने खेतो में अत्याधुनिक तरीके से खेती एवं बागवानी कर सकने में सक्षम होंगे। वर्तमान में ग्रामवासी जो कि 70 प्रतिशत वृद्ध जन है 3.000 कि०मी० पैदल चल कर अपने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते है। मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को विभिन्न सुविधायें प्राप्त होने पर ग्राम विकास/उन्नति की ओर अग्रसरित होगा एवं ग्राम के नौजवान ग्राम में ही निवास कर अपना कार्य करेंगे जिससे पलायन की समस्या कम होने में सहायता मिलेगी। इस सम्बन्ध में औचित्य का प्रमाण पत्र प्रस्ताव के पार्ट–1 के पैरा A-1(iii) में आनलाईन अपलोड कर दिया गया है। |

अतः अनुरोध है कि, मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव अग्रसारित करने का कष्ट करें।

16/7/19

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,
बैजरौ (गढ़वाल)

पत्रांकः– /　　　　　　　　　　दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड लो०नि०वि० बैजरो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,
बैजरौ (गढ़वाल)

*Ameen letters 1*